


### एक नजर में

## अवैध पटाखों से भरे 18 कार्टून जब्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**पिपलियामण्डी।** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 18 कार्टून पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम एवं बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना नाहरग? में पदस्थ उपनिरीक्षक भानुप्रतापसिंह राजावत को मुखबिर से सूचना मिली कि अंबिका गार्डन के पीछे स्थित बालकृष्ण उर्फ बालू गुप्ता के गोदाम में अवैध रूप से पटाखे रखे हुए हैं। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। गोदाम बालकृष्ण उर्फ बालू पिता कचरमल गुप्ता उम्र 48 वर्ष निवासी नाहरग? का था। आरोपी ने गोदाम में पटाखे रखे होना स्वीकार किया। इसके बाद गोदाम का ताला खुलवाया गया, जहां से अवैध पटाखों से भरे 18 कार्टून बरामद हुए। पटाखों के संबंध में परमिट एवं लाइसेंस पूछने पर आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9 बी (1) (बी) एवं धारा 288 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए पटाखों को विधिवत जब्त किया। जब्त माल को थाना लाकर मालखाने में जमा कराया है।

## नाहरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अंतर्राज्यीय 'लच्छु गैंग' के 4 शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नाहरगढ़।** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय डकैती एवं चोरी करने वाले कुख्यात 'लच्छु गैंग' के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से करीब 37 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, एक फोर व्हीलर वाहन सहित चोरी में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल एवं एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य सात मिनट में मकानों की ग्रील काटकर चोरी एवं डकैती की वारदात को अंजाम देने में माहिर हैं। पूछताछ में आरोपियों ने असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, पंजाब, राजस्थान सहित मध्यप्रदेश के कई जिलों में वारदात करना स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गणेश उर्फ गणपत, कैलाश उर्फ बिशन, छोटू एवं दिनेश उर्फ महेश शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

## गरोठ पुलिस की कार्रवाई, एमडी और डोडाचूरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर।** गरोठ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एमडी ड्रग एवं डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरिल तथा एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जस्साखेड़ी फंटा खड़ावदा-गरोठ रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक युवक मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी निलेश डपकरा निवासी गरोठ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ग्राम एमडी ड्रग एवं 3 किलो डोडाचूरा जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने यह मादक पदार्थ उमर फारुख खान निवासी बरखेड़ा गंगासा से लेना बताया, जिसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी उमर फारुख खान के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में सउनि बलवानसिंह देवड़ा सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# शिवना शुद्धिकरण : पेंशनर्स-महिला क्लब ने बढ़ाए हाथ

- 117वें दिन चला महाश्रमदान, शिवना नदी से निकली 3 ट्रॉली गाद और कचरा



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 117वें दिन शनिवार को शहर में जनभागीदारी का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कुमावत समाज, पेंशनर संघ एवं इनरव्हील महिला क्लब की सदस्य बड़ी संख्या में शिवना तट पहुंचीं और पूरे उत्साह के साथ श्रमदान कर अभियान को नई ऊर्जा दी। साथी हाथ बढ़ाना की भावना के साथ श्रमदानियों ने नदी में जमा गाद, प्लास्टिक कचरा, पॉलीथिन, गाजर घास एवं लोगों द्वारा फेंके गए अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकाला।

अभियान के दौरान नदी से लगभग 3 ट्रॉली कचरा और गाद हटाई गई। इस अवसर पर मंदसौर विधायक विपिन जैन भी करीब दो घंटे तक श्रमदानियों के साथ साफ सफाई कार्य में जुटे रहे। उन्होंने स्वयं श्रमदान कर लोगों का उत्साहवर्धन किया। विधायक श्री जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण अभियान जनआंदोलन का रूप ले चुका है और लोगों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखना हम सभी कर्त्तव्य है। श्रमदान के दौरान नदी किनारे उगी गाजर घास को भी हटाया गया, जिससे नदी तट का वातावरण स्वच्छ और सुंदर दिखाई देने लगा। अंत में विधायक विपिन जैन ने आह्वान किया कि वे प्रतिदिन प्रात: 7 से 9 बजे के बीच शिवना शुद्धिकरण अभियान में शामिल होकर श्रमदान अवश्य करें।

अभियान के 117वे दिन श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन, सेवानिवृत एवं पेंशनर नागरिक महा संघ से श्रवण कुमार त्रिपाठी, डॉक्टर देवेंद्र पुराणिक, नंदकिशोर राठौर, कोमल चंद वाँणवार, राजेंद्र पोरवाल, आनंदीलाल पंड्या, अशोक नागदा, सत्यनारायण श्रीवास्तव, नरेंद्र पाल सिंह राणावत, सालिगराम दिया, रमेशचंद सोनी, श्यामलाल सोनी, रमेशचंद्र पुरोहित, सुधीर कुमार दवे, कुमावत समाज मंदसौर से राधेश्याम अडानीया, राजेंद्र घोडेला, मोहनलाल मारीवार, लोकेंद्र कुमावत, नटवर कुमावत नट्टू, कन्हैया लाल कुमावत, वर्दीचंद कुमावत नारायण कुमावत, रमेश घोडेला, माणक लाल कुमावत, सत्य नारायण मंडलिया, कन्हैयालाल दायमा, शुभम कुमावत रमेश कुमावत, अशोक मेरावदिया, इनर व्हील क्लब मंदसौर से हेमा हिंगड़, सुनीता पहाड़िया, उषा कुमावत, शर्मिला बसेर, वीनू कीमती, किरण भामावत, समाज सेवियों में रामनारायण मालवीय, हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, राकेश जैन पिंटू, टोलखेड़ी गांव से शांतिलाल मेमावत, रतनलाल चौहान, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, रकोदा गांव से रामचंद्र पाटीदार धमनार गांव से सोहनलाल धाकड़, महिला नेत्रीयों में सोनाली जेन, इष्टा भाचावत, सुनीता बंडी, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, योगिता बैरागी, प्रज्ञा मालवीय कांग्रेसियों मे अजीत जेन, तरूण खिंची, हेमंत हिंगड, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, सुभाष जेन, मनोहर नाहटा, रईस पटवारी, संजय नाहर, साबिर इलेक्ट्रीशियन और अन्य मौजूद रहे।

# जिला सेन समाज के निर्वाचन 19 मई को तितरोद में

- हजारों समाजजन चुनेंगे अपना प्रतिनिधि

**मंदसौर।** सेन समाज के जिला कार्यकारी अध्यक्ष राम कुमार चौहान ने बताया कि सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं सामाजिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए जिला सेन समाज के प्रति 3 वर्षो में निर्वाचन सम्पन्न होते है इस बार यह निर्वाचन 19 मई 2026 मंगलवार को भाटी कॉम्प्लेक्स तितरोद सीतामऊ में हजारों समाजजनों की उपस्थिति में सम्पन्न होंगे। निर्वाचन को सु व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए सर्व सम्मति से निर्वाचन समिति बनाई गयी जिसमें डॉ विष्णु सेन कछावा मल्हारग?, रामेश्वर गेहलोद सुठोद, वल्लभ प्रसाद देवड़ा सुवासरा सुभाष सिसोदिया खड़ावदा, मोतीलाल चौहान साठखड़ा, गोवर्धन लाल खड़ावदा, मदनलाल दसोरिया, ब्रजेश टांकवाल मंदसौर, ओमप्रकाश सोलंकी ढाबला महेश, लक्ष्मीनारायण चौहान बोलिया, नाथूलाल सोलंकी अफजलपुर, सोहन लाल परिहार मंदसौर, बाबूलाल गेहलोद निम्बाखे?ी, मुकुंद लाल चौहान गुरा?िया प्रताप, अशोक मकवाना दलोदा, राधेश्याम राठौ? कचनारा, कैलाश राठौर नाहरग?, मांगीलाल सेन तितरोद, समरथ परमार बिल्लोद, गोपाल देव?ा आक्या, राजेश राठौर सीतामऊ, उदय राम चौहान गुड्डु भाई शामग?, फूलचंद सेन गुरा?िया नरसिंह, दिलीप गुजराती गरोठ, मोहनलाल चौहान बोलिया मनीषजी परिहार गांधीसागर, प्रभु लाल सेन जग्गाखेड़ी, राधेश्याम चंदेल भेसोदामंडी, बालकृष्ण पंवार सीतामऊ, रामनिवास परमार बुगलिया वाले मंदसौर, सुरेश भाटी देथली, सुरेश राठौर कचनारा, डॉ प्रकाश सोलंकी सीतामऊ, बगदी राम सेन सेदरा करनाली, रमेश गेहलोत सम्मतखेड़ी, शंभूलाल बोराणा नारायणगढ़, शांतिलाल परमार सोनगरी लिए गए।

# ट्रैक्टर की टक्कर के बाद युवक पर चढ़ा पानी का टैंकर, मौत

**पिपलियामण्डी।** मंदसौर-संजीत मार्ग पर ग्राम मूंदड़ी के समीप शुक्रवार दोपहर हुए एक भीषण सड़क हादसे में घायल 28 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक सड़क पर गिर पड़ा और ट्रैक्टर के पीछे बंधा पानी का टैंकर उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार मृतक पिंकेश रावत पिता बापूलाल रावत, उम्र 28 वर्ष, निवासी रायपुरिया जिला नीमच था। वह रतलाम की एक निजी होटल में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर वह बस से रतलाम से मंदसौर पहुंचा था। यहां से वह अपने साथी भारत के साथ मोटरसाइकिल से अरनिया गांव किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब दोनों युवक ग्राम मूंद?ी के समीप पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक असंतुलित होकर स?क पर गिर गई। हादसे में पिंकेश स?क पर गिर पड़ा, जबकि पीछे बैठा उसका साथी भारत दूर जा गिरा। इसी दौरान ट्रैक्टर के पीछे बंधा पानी का भारी टैंकर पिंकेश के शरीर के ऊपर से गुजर गया। हादसे में पिंकेश के सिर, चेहरे, पेट और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। मौके पर ही अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे तथा घायल युवक को संभालने का प्रयास किया।

**एक नजर** | शिविर का 250 मरीजों ने करवाई जांच, 27 को उदयपुर उपचार के लिए भेजा

# सिंधी जनरल पंचायत ने लगाया नि:शुल्क सर्जिकल शिविर




**मन्दसौर।** पूज्य सिंधी जनरल पंचायत मन्दसौर के तत्वावधान में शनिवार को समाजहित एवं जनसेवा के उद्देश्य से विशाल नि:शुल्क सर्जिकल शिविर का आयोजन सिंधु महल, वीर सावरकर पुलिया पम्प हाउस, धानमंडी में किया गया। शिविर में समाजजनों एवं आम नागरिकों ने ब?ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही विभिन्न बीमारियों के चयनित 27 मरीजों को बस द्वारा उदयपुर भेजा गया जहां उन्हें नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच, परामर्श, भर्ती एवं ऑपरेशन संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही मरीजों को नि:शुल्क दवाई वितरण भी किया गया। आयुष्मान योजना अंतर्गत पात्र मरीजों को उपचार सुविधा की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं समय-समय पर जांच करवाने की सलाह दी। आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत मन्दसौर के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी एवं महासचिव राजेश चाहूंजा ने सभी चिकित्सकों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी समाज हित में ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

शिविर में डॉ. दीपक, डॉ. गौतम, डॉ. कार्तिक अरोरा, डॉ. नेहा मिश्रा, डॉ. मयंक कुमार, डॉ. तनय सिन्हा सहित अन्य डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान लायंस क्लब गोल्ड अध्यक्ष संजय पारीख, सचिव प्रतीक शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज सेवानी, सिद्धार्थ अग्रवाल, सुरेश सोमानी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर दृष्टानन्द नेनवानी, वासुदेव सेवानी, राजेश चाहुजा, नंदू आडवाणी, मोहन रामचदानी, रमेश लवानी, नरेश चंदवानी, काशी चंदवानी, काउ जजवानी, कैलाश मनवानी, लक्ष्मण मेघनानी, भावना पमनानी, हेमू बुलचंदानी, दयाराम जेसवानी, प्रीतम खेमानी, अनिल संगवानी, पप्पन ज्ञानी, मनु सेवानी, राम सेवानी, अनिल सेवानी सहित ब?ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कैलाश मनवानी ने दी।

## नीमच

### एक नजर में

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

**नीमच।** ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल ने स्पोर्ट्स एक्टिविटी के बाद एकेडमिक में भी जिले में अपनी धाक जमाई। ज्ञानोदय स्कूल की 12वीं की छात्रा जानवी पुरोहित ने ह्यूमैनिटी में 97.4% अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल रही। वही श्रद्धा धाकड़ 93% ने द्वितीय वह कल्पना विश्नोई ने 90.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं साइंस में प्रखर सिंह ने 91.4% ने प्रथम यशराज राठौर ने 90% अंक प्राप्त कर द्वितीय वह पार्थ सिंहल ने 89.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं कॉमर्स में प्रियल खाबिया ने 85.6% ने प्रथम, वंशिका चौहान ने 84.20% ने द्वितीय, एकलव्य थोरेचा ने 83.8% प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर गरिमा चौरसिया और वरिष्ठ प्राध्यापक तरुण ओझा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की व कहा कि ज्ञानोदय स्कूल का समस्त स्टाफ बधाई का पात्र है की उसने स्पोर्ट्स को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के बाद एकेडमिक विभाग में भी अपना परचम फहराया।

## विधायक परिहार और जिप अध्यक्ष चौहान ने झंडी दिखाकर किया कृषि रथ को रवाना




**नीमच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई पूर्व नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु 16 मई से 10 दिवसीय कृषि रथ का शुभारंभ किया गया। जिला मुख्यालय नीमच से कृषि रथ को विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, जि.प.अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, जि.पं. सदस्य श्रीमती मनीषा धाकड़ ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जि.प.सीईओं श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री संजीव साहू कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त विकासखंड जावद मुख्यालय के अठाना में विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, तथा विकासखंड मुख्यालय मनासा से विधायक प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषि रथ को रवाना किया गया। कृषि रथ प्रतिदिन जिले के तीनों विकासखंड- नीमच, जावद एवं मनासा के 3 से 4 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा तथा किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, मृदा स्वास्थ्य, बीज उपचार, जल संरक्षण, समन्वित कीट-रोग प्रबंधन एवं शासन की कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी देगा। कृषि रथ के साथ कृषि वैज्ञानिक, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभाग के विशेषज्ञ भी रहेंगे, जो कृषकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

# नीमच में धूमधाम से मनाया शनिदेव जन्मोत्सव

**नीमच। न्याय के देवता सूर्यपुत्र भगवान श्री शनिदेव का जन्मोत्सव इस वर्ष शनिश्चरी अमावस्या के दुर्लभ महासंयोग में शहर सहित अंचलभर के शनि मंदिरों में श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। करीब 13 वर्षों बाद शनिवार और अमावस्या का विशेष संयोग बनने से पर्व का धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार शनि अमावस्या पर केदार एवं शोभन योग का शुभ संयोग भी बना, जिसे अत्यंत फलदायी माना जा रहा है।**

**13 साल बाद बना दुर्लभ महासंयोग**



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शनिश्चरी अमावस्या पर श्रद्धापूर्वक शनि पूजन, अभिषेक, दान-पुण्य एवं हवन करने से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या से राहत मिलती है तथा जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। शहर के महेश सर्कल स्थित प्रसिद्ध श्री शनि मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत भगवान श्री शनिमहाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं झांकियों से सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। शुक्रवार को प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

शनिवार को मुख्य आयोजन प्रात: 7 बजे भगवान श्री शनिदेव के अभिषेक, हवन, विशेष श्रृंगार एवं मंदिर शिखर पर ध्वजा अर्पण के साथ प्रारंभ हुए। शाम 7 बजे ढोल-ढमाकों और जयकारों के बीच भव्य महाआरती संपन्न हुई। इसके बाद रात्रि 8 बजे से आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक राजू राजस्थानी एवं भगवत सुथार ने शनिदेव के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

मंदिर के पुजारी राधेश्याम जोशी एवं ईश्वर सिंह ने बताया कि इस दुर्लभ योग में शनि पूजन का विशेष महत्व माना गया है। इसी प्रकार घंटाघर चौराहा स्थित प्राचीन श्री शनि मंदिर में भी मंदिर समिति एवं शनि भक्तों के सहयोग से विविध धार्मिक आयोजन किए गए। कृष्ण गोपाल गर्ग ने बताया कि यहां भगवान श्री शनिदेव का भव्य राजराजेश्वर श्रृंगार किया गया। सायं 6:30 बजे महाआरती एवं उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

वहीं कलेक्टर चौराहा स्थित श्री शनि देव मंदिर में भी जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी हस्तीमल जोशी एवं हरीश जोशी ने बताया कि प्रात: अभिषेक, हवन, शांति पाठ, ध्वज अर्पण एवं पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। दोपहर 12 से 3 बजे तक भंडारा प्रसादी वितरित की गई। सायं 7:15 बजे 108 दीपकों से महाआरती एवं छप्पन भोग अर्पित किया गया।

भव्य भजन संध्या में श्याम दीवानी काव्या, कमलेश सेन, सोनू साउंड एवं अर्जुन बारेठ श्री मंशापूर्ण म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। आयोजन के दौरान अलौकिक दरबार, दिव्य दर्शन, इत्र वर्षा एवं पुष्प वर्षा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

# जमुनिया कला में किया योग और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**नीमच।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुनिया कला के औषधालय परिसर में शनिवार को योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को योग के महत्व एवं नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम एवं कपालभाति सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में 'सर्वे भवन्तु सुखिन:। सर्वे सन्तु निरामया:। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु। मा कश्चिद् दु:खभाग्भवेत॥' का संदेश देते हुए सभी को स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योग अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में 25 लाभार्थियों ने सहभागिता कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। डॉ. विमला पाटीदार, श्रीमती भावना बैरागी, श्री विनीत सोनी, श्री आनंद शर्मा एवं श्रीमती श्वेता जोशी ने विशेष सहयोग किया। आयुष विभाग द्वारा जिले में नियमित रूप से योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जीवनशैली जनित रोगों से बचाव एवं स्वस्थ जीवन हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

**एक नजर** | जिला स्तर मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर जल्द मिलेगी पुरस्कार की धनराशि

# राहवीर योजना में घायलों की जान बचाने वाले 8 पुरस्कार प्रकरण स्वीकृत

**नीमच।** राहवीर योजना घायलों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। सड़क हादसों हर साल लोग अपनी जान गंवाते है। अक्सर देखा गया है कि लोग घायलों की मदद करने से पीछे हट जाते है। राहवीर योजना के लागू होने के बाद अब सड़क हादसों में घायलों की मदद करने के लिए लोग आगे आने लगे है।

जिले में 8 राहवीरों ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों 'गोल्डन ऑवर' (दुर्घटना के बाद का पहला घंटा) में अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचाई है और घायलों की मदद करने पर जिला स्तर मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें पुरस्कार के लिए के 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गइ है। इसके अलावा तीन प्रकरण पुरस्कार राशि की अनुंशसा के लिए जिला स्तर पर भेजे गए है। गौरतलब है देश में देश में सड़क हादसों में हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं. अक्सर ऐसा देखा गया है कि लोग घायलों की मदद करने से सिर्फ इस डर से पीछे हट जाते हैं कि कहीं पुलिस या कानूनी कार्रवाई में न उलझ जाएं। इसी सोच को बदलने और मदद करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने 'राहवीर योजना' शुरू की गई है।

### इन राहवीरों के के नाम आए सामने...

जिला स्तर पर मूल्यांकन समिति प्रकरणों का परीक्षण कर राशि स्वीकृत की गई है जिसमें 1- मनासा थाना भरत कनेरिया पिता रामनिवास कनेरिया, ग्राम नलखेड़ा, मनासा। 2- विजय सुतार पिता विष्णुलाल सुतार निवासी ग्राम अल्हेड। 3- जावद थाना कुंदन राठौर पिता राधेश्याम निवासी मोडी, दिलीप पिता दौलतराम प्रजापत निवासी मोडी, 4- थाना मनासा रामनिवास पिता मांगीलाल धनगर, निवासी खड़ावदा। 5- जावद, थाना मनासा विश्वजीत सिंह पिता ईश्वरसिंह हाडा निवासी लसुडी। 6- मनासा थाना विक्रम घावरी पिता नवीन घावरी, निवासी जोगणिया माता मंदिर के पास मनासा। 7- थाना बघाना बसंतकुमार पिता हरलाल निवासी रिटायर्ड कालोनी बघाना नीमच। 8- मनासा थाना सोनू पिता रमेशचंद्र ग्वाला निवासी रामनगर, मनासा, राहूल पिता प्रदीप गंर्धव निवासी अनुपपुरा।

### दुर्घटना के दौरान मौत दर कम करने पर जोर

जिले में राहवीर योजना को पूरी सक्रियता के साथ लागू किया जा रहा है। हमारा मकसद सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाना है। इसके लिए हम आम जनता को जागरूक कर रहे हैं कि वे बिना किसी डर के घायलों की मदद करें। पुलिस प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि मदद करने वाले व्यक्ति को किसी भी तरह से परेशान न किया जाए। अस्पताल और थानों को स्पष्ट निर्देश हैं कि राहगीरों का सम्मान किया जाए। जो लोग घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाएंगे, उनके नाम पुरस्कार के लिए शासन को भेजे जा रहे हैं। राहगिरों के जिला स्तर पर पुरस्कर के लिए 8 प्रकरणों स्वीकृति मिली है। 3 प्रकरण और जिला स्तर पर परीक्षण के लिए प्रस्तुत किए गए है।

– सोनू बर्डगुर्जर, यातायात प्रभारी, नीमच